

**भारी आवक** — किसानों की मेहनत की कमाई घटने लगी, हर दिन लगभग 20 हजार बोरियों की आवक

## मटर मंडी में बंपर आवक, रेट में आई गिरावट

**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी बायपास स्थित ओरिया मटर मंडी इन दिनों सबसे ज्यादा हलचल में है। नजारा ऐसा है कि आसपास के ग्रामीण और दूरदराज के किसान भी अपनी उपज लेकर मंडी पहुँच रहे हैं। जानकारी के अनुसार मौसम अनुकूल रहने और अच्छी पैदावार के चलते प्रतिदिन लगभग 20 हजार बोरियों की मटर मंडी में आवक हो रही है। लेकिन भारी आवक के कारण मटर के भाव में गिरावट आ गई है। मंडी में फिलहाल मटर 18 से 33 रुपए तक बिक रहा है। जिसके किसान घाटे की मार झेल रहा है किसानों का कहना है कि मटर की अच्छी पैदावार के लिए दिन-रात मेहनत की गई लेकिन मेहनत के हिसाब से उसकी दर सही नहीं मिलने के कारण किसान चिंतित नजर आ रहा है। किसानों का कहना है कि मटर तुड़ाई के लिए जबलपुर सहित अन्य जिलों से मजदूर वर्ग को बुला कर तुड़ाई कराई जा रही है। लेकिन मटर के दामों में गिरावट होने से लागत भी नहीं निकल रही है।



### देश के कई राज्यों में जबलपुर का मटर पसंद

मंडी व्यापारियों ने बताया कि जबलपुर का हरा मटर आकार, रंग और मिठास में बेहतरीन है, जिससे तेलंगाना, कर्नाटक, बिहार, केरल, बंगाल, ओडिशा, मुंबई और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में निर्यात हो रहा है। रोजाना बड़ी संख्या में ट्रक मटर लेकर अन्य राज्यों के लिए रवाना हो रहे हैं।

### मंडी प्रशासन लगातार व्यवस्था में तत्पर

मंडी प्रशासन ने बढ़ती आवक को देखते हुए सफाई, ट्रैफिक नियंत्रण और नीलामी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया है, ताकि किसानों और व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी न हो। मंडी गेट से लेकर अंदर आने वाली और बाहर जाने वाली गाड़ियों के आवागमन को लेकर पुलिस प्रशासन और मंडी में कार्यरत कर्मचारी व्यवस्था बनाते हुए नजर आए। वही मंडी सचिव आर के सैय्याम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी लगातार मंडी में निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहे हैं।

### इनका कहना है




आज मटर 18 रुपए में बिका। मेहनत तो बहुत की, लेकिन भाव निराशाजनक हैं।

**कलू प्रसाद दीक्षित**
**तारादेही**



आज मटर 20 रुपए में बिकी। इतनी मेहनत के बाद लागत भी निकलना मुश्किल हो रहा है।

**देवेंद्र सिंह लोधी**
**उड़ना**



हमने 64 बोरी मटर लाकर 3000 रुपए भाड़ा लगाया, लेकिन भाव कम मिलने से घाटा हो रहा है।

**गणेश सिंह ठाकुर**
**जबेरा**



हम 52 बोरी मटर लाए थे, 18 रुपए में बिका। दाम मेहनत के हिसाब से बिल्कुल नहीं हैं।

**नीलम पटेल**
**पाटन**



## ग्रैंड सेरेमनी के साथ डब्ल्यूपीएल सीजन 4 का आगाज

**शक्ति स्टार्स- स्टार स्ट्राईकर्स ने हासिल की शानदार जीत**

**नवभारत के साथ सेंट्रल क्रॉनिकल सफल आयोजन के रहे मीडिया स्पॉन्सर**

**नवभारत, जबलपुर।** डब्ल्यूपीएल सीजन-4 क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरूआत ग्रैंड सेरेमनी के साथ ललपुर रोड स्थित वियाना स्पोर्ट्स एरीना में भव्यता से हुई। वियाना स्पोर्ट्स की डायरेक्टर और डब्ल्यूपीएल सीजन -4 की आयोजक तेजल गुप्ता ने बताया कि ग्रैंड ओपनिंग सेरेमनी में सभी टीमों के कप्तानों ने अपनी-अपनी टीमों के साथ फ्लैग लेकर परेड की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माला राकेश सिंह और अतिथि के रूप में निशा ओंकार दुबे, तिलहरी क्लब की प्रेसीडेंट अनुपमा ठाकुर, दीपिका कपूर, भाजपा से रूपल राव मौजूद रहे।

आयोजक ने ये भी बताया कि देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत पत्र समूह के नवभारत हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करण सेंट्रल क्रॉनिकल ने इस टूर्नामेंट की शानदार कवरेज करके ना केवल प्रतियोगिता को व्यापक पहचान दिलाई है बल्कि महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने में अप्रतिम भूमिका निभा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शुरूआती मैच शक्ति स्टार्स बनाम रीवा क्वींस के बीच खेला गया जिसमें शक्ति स्टार्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 ओवर में 121/3 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में रीवा क्वींस की टीम 8 ओवर में 17 रन ही बना सकी। और शक्ति स्टार्स ने 104 रनों से जीत दर्ज की। वहीं दूसरा मैच तिलहरी टाइग्रेस बनाम स्टार स्ट्राइकर्स के मध्य हुआ जिसमें तिलहारी टाइग्रेस ने 8 ओवर में 27 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार स्ट्राइकर्स ने सिर्फ 2 ओवर में 30 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। स्टार स्ट्राइकर्स ने 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की।

## सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को हाईकोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में महाधिवक्ता कार्यालय में सरकारी वकीलों की नियुक्तियों को नियम विरुद्ध बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर कर की गई है।

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव योगेश सोनी ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिन्होंने बताया कि महाधिवक्ता कार्यालय में कुल 157 लॉ ऑफिसर्स की नियुक्ति को लेकर 25 दिसंबर को सूची जारी की गई है। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया गया है कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह मनमानी और पक्षपातपूर्ण है। सूची में पारदर्शिता का अभाव है। इस याचिका पर हाई कोर्ट में जल्द सुनवाई होगी। याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2013 की राजपत्र अधिसूचना में सरकारी वकीलों की नियुक्ति के लिए स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया तय की गई हैए लेकिन महाधिवक्ता कार्यालय ने उसका स्पष्ट उल्लंघन किया। अधिसूचना में कहा गया था कि सरकारी अधिवक्ता की नियुक्ति के लिए न्यूनतम 10 वर्ष की प्रेक्टिस की योग्यता निर्धारित है। इसके उलट कई शासकीय अधिवक्ता ऐसे हैं जिनकी प्रेक्टस 10 साल से बहुत कम है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता योगेश सोनी ने बताया कि इस बार महाधिवक्ता कार्यालय में लॉ ऑफीसर बनने के लिए सैकड़ों वकीलों ने आवेदन किया था। आवेदन निर्धारित फॉर्म में आमंत्रित तो किए गए, लेकिन यह कहीं भी सार्वजनिक नहीं किया गया कि इन आवेदनों की जांच, मूल्यांकन और शॉर्ट लिस्टिंग किस आधार पर की गई। यह भी कहा गया है कि न तो कोई मापदंड जारी किया गया, न अंक प्रणाली, न ही चयन या अस्वीकृति के कारण बताए गए। इससे पूरी प्रक्रिया पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है।

### आर्मी मैन के घर चोरी

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत तिलहरी में आर्मी मैन के सूने घर पर चोरों ने धावा बोल कर सोने चांदी के जेवर, नगदी पार कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। गोराबाजार पुलिस ने बताया कि नीति राव निवासी तिलहरी गोराबाजार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति तरुण कुमार राव आर्मी में जम्मू कश्मीर में पदस्थ है। वे बच्चों के साथ अपने पिता के घर दिल्ली गई थी। जब वापस लौटी तो घर का मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ था आलमारियों में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी 7,000 हजार रुपये, एक पीतल की दुर्गा जी की मूर्ती, एक पीतल की लक्ष्मी जी की मूर्ती, गणेश जी एवं शिवपार्वती जी की मूर्ती गायब थी।

## दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से वार कर किया युवक का कत्ल

**जमीनी विवाद पर पुराना कंचनपुर में वारदात, आरोपी पड़ोसी फरार**



**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत पुराना कंचनपुर में पड़ोसी ने जमीन पर कब्जे को लेकर युवक को दौड़ा-दौड़ाकर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। बाद में सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंची और अहम साक्ष्य जुटाते हुए हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। टीआई प्रवीण कुमरे के मुताबिक आरती चौधरी 24 वर्ष निवासी हरदौल चौक चौधरी मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वीरू चौधरी ने उसके घर के पीछे बना मकान 3 साल पहले खरीदा था, इसके बाद वीरू उसकी जमीन के कुछ हिस्से पर कब्जा करना चाहता था, इसी बात को लेकर कल रात 11 बजे उसके बडे भाई अनिल चौधरी से वीरू चौधरी ने बहस किया। हत्या करने की नीयत से चाकू लेकर मारने को हुआ उसका भाई अनिल चौधरी जान बचा कर भागने लगा, वीरू चौधरी भी अनिल के पीछे चाकू लेकर मारने दौडा, भाई अनिल जैसे ही धर्मेन्द्र चौधरी के घर के पास पहुंचा तभी वीरू चौधरी ने भाई अनिल चौधरी को पकड़ दिया। चाकू से कई बार वार कर भाई अनिल को घायल कर दिया एवं तेजी से भाग गया। 108 एम्ब्यूलेंस से भाई अनिल को लेकर विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे जहॉ रात 12-20 बजे डाक्टर ने चैक कर भाई अनिल चौधरी 36 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।

### इधर चाकूबाजी में पांच घायल

शहर में तीन अन्य थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी में पांच लोग घायल हो गए। खमरिया पुलिस ने बताया कि करन गोहिया निवासी तिघरा खमरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मैगी प्वाइंट के पास अनुज शर्मा ने उस पर व उसके दोस्त आयुष सिंह पर चाकू से हमला किया। इसी प्रकार माढ़ोताल थाने में भारत सोधिया निवासी माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शराब पीने रूपए न देने पर अज्ञात बदमाश ने उस पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी। वहीं हनुमानताल थाना में साजिद अहमद निवासी टेढीनीम ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि शहबाज ने चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी।

## ठूस ठूस कर आठ मवेशियों को ले जा रहा पिकअप दुघर्टनाग्रस्त

**नवभारत, जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत पाटन बायापस व अंधमुक बायपास के बीच दुघर्टनाग्रस्त पिकअप में क्रूरता पूर्वक आठ मवेशी मिले। जिन्हें वाहन में ठूस ठूस कर लें जाया जा रहा था। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर पिकअप को जप्त कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मनीष विश्वकर्मा पिता शोभाराम विश्वकर्मा 33 वर्ष निवासी प्रोफेसर कॉलोनी ने सूचना दी कि वे गौ रक्षा समीति का अध्यक्ष है। परिचित शहजाद कटारे निवासी पोनार अमरवाडा जिला छिन्दवाडा का स्कीम न. 65 निर्माणाधीन रोड के पास पाटन बायापस व अंधमुक बायपास के बीच माढोताल की गाड़ी क्रमांक एमपी 10 सीए 8657 को पिकअप क्रमांक एमपी 20 जेड वी 7690 ने टक्कर मारकर क्षति पहुंचाई। सूचना पर पहुंचा तो देखा कि पिकअप वाहन रोड किनारे खडी थी जिसमें झांककर देखा तो मवेशी भैंस भरे हुए थे जिनके पैर बंधे हुए थे। सूचना पर पुलिस पहुंची पिकअप से कुल आठ मवेशी निकाले गए। वाहन में क्रूरता तरीके से भैंसो को भरकर ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत आशीष दुबे 32 वर्ष, प्रवीण दुबे 47 वर्ष के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## डॉक्टर हत्याकांड: 7 कातिलों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर ओवर ब्रिज के नीचे शनिवार को दिनदहाड़े डॉक्टर अभिषेक उर्फ महेंद्र साहू 27 वर्षीय निवासी पाटन भुवारा को स्कार्पियों से बाहर निकालकर सरेराह चाकुओं से एक दर्जन वार कर हत्या करने वाले सात कातिलों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या मामूली झगड़े को लेकर हुई। सीएसपी अंजुल अयक मिश्रा ने बताया कि डॉक्टर अभिषेक उर्फ महेंद्र साहू 27 वर्षीय निवासी पाटन भुवारा गांव का शुक्रवार शाम करीब पांच बजे घर से उज्जैन जाने के लिए स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 04 टीबी 0383 लेकर निकला था। रास्ते में उसकी स्कार्पियों बंद हो गई थी। शनिवार को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच बदमाश पहुंचे और अभिषेक पर चाकुओं से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। आरोपित सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए थे फुटेज के आधार पर नकुल कोल पिता प्रमोद कोल 19 वर्ष, सौरभ ठाकुर उर्फ कालू पिता पवन ठाकुर 19 वर्ष निवासी भेडाघाट, अनिकेत उर्फ नंदी कोल पिता विनोद कोल 23 वर्ष तीनों निवासी सहजपुर, नितिन उर्फ ग्ज्जू बर्मन पिता देवी बर्मन 20 वर्ष, दुर्गेश बर्मन पिता शंकर बर्मन 32 वर्ष, दीपक बर्मन पिता स्व. मंगल बर्मन 20 वर्ष तीनों निवासी शहपुरा समेत एक 16 वर्ष बालक को गिरफ्तार किया गया है।



### नकुल-गज्जू ने किये थे 12 घाव

पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि महेन्द्र उर्फ अभिषेक साहू का विवाद तीन जनवरी को सौरभ ठाकुर उर्फ गोलू से हो गया था। इस दौरान गालीगलौच हुई थी। इसके बाद दो गाडी दो पहिया बिना नम्बर की पल्सर एवं हीरो डिलक्स क्रमांक एमपी 20 एनई 9469 से तीन तीन व्यक्ति सवार होकर सहजपुर ब्रिज के पास सर्विस रोड पहुँचे जहॉ महेन्द्र उर्फ अभिषेक साहू की नकुल कोल व नितिन उर्फ गज्जू बर्मन के द्वारा चाकुओं से हमला कर हत्या कर दी गई थी। मृतक के शरीर पर करीब 12 घाव थे।

### महिला की संदिग्ध मौत

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत आजाद नगर मोहरिया में रहने वाली महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि समरेज आलम निवासी आजाद नगर मोहरिया ने सूचना दी कि उसने प्रेम विवाह किया है। मोहल्ले में सोनू होटल में बैठा था, भाभी ने फोन कर बताया कि उसकी पत्नि तस्लीम बानो की तबियत खराब हो गयी है, पत्नि तस्लीम बानो के मुंह से फेन निकल रहा था, जिसे उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले गये रिफर करने पर मेडिकल कालेज ले जाकर भर्ती कराया। दौरान उपचार के पत्नि तस्लीम बानो की मौत हो गयी।

## पानी की टंकी में मिली काई और मृत जानवर

**अख्तर डेयरी में कार्रवाई, 5 हजार का तत्काल जुर्माना**



**नवभारत, जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गठित गरुड़ दल ने सोमवार को रांझी तहसील के ग्राम गौरैयाघाट स्थित अख्तर डेयरी का अकस्मिक निरीक्षण किया। तहसीलदार रांझी मौसमी केवट के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में डेयरी की गंदगी और स्वास्थ्य सुरक्षा के उल्लंघन सामने आए। निरीक्षण में पाया गया कि डेयरी के जानवरों को पिलाने वाले पानी की टंकी में काई और गंदगी जमा थी, वहीं मृत जानवरों के शव भी मिले। इसके अलावा, गोबर का संधारण और निस्तारण खुले स्थान पर किया जा रहा था तथा गंदा पानी खुले में बहाया जा रहा था। स्वच्छता और स्वास्थ्य नियमों के उल्लंघन के चलते मौके पर ही डेयरी संचालक पर 5 हजार रुपये का स्पॉट फाइन वसूला गया और पानी के नमूने परीक्षण हेतु लिए गए। इसके साथ ही, डेयरी संचालक को मौके पर रखी दवाओं के बिल प्रस्तुत करने के लिए दो दिन का अवसर दिया गया। इस निरीक्षण में नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारी भी शामिल थे।

## पानी का सैंपल लेने महापौर के वार्ड पहुंचे कांग्रेसी

**कांग्रेस के कार्यकाल में महापौर ने भी माना था दूषित पानी की सप्लाई होना: सौरभ नाटी शर्मा**

**भाजपा में जाते ही पानी अपने आप हो गया स्वच्छ**

**नवभारत, जबलपुर।** जब शहर में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू कांग्रेस में शामिल थे तो वे भी इस बात से सहमत थे कि जबलपुर में करीब 90 फीसदी दूषित पानी जबलपुर में घर-घर पहुंचाया जा रहा है क्योंकि अधिकांशत: पानी की पाइपलाइन नालों में डूबी हुई है और नालों के बीच में से होते हुए गुजरी है। लेकिन जब से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भाजपा में शामिल हुए हैं तब से यही पानी अपने आप स्वच्छ हो गया है। ये बातें नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहीं और नवभारत को बताया कि सोमवार को कांग्रेसियों का समूह महापौर के वार्ड में पहुंचा। यहां कांग्रेसियों ने महापौर के वार्ड में आ रहे पानी के सैंपल लिए। इस दौरान पानी की गुणवत्ता चैक करने वाली किट भी कांग्रेसी लेकर पहुंचे थे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार शहर के हर वार्ड में कांग्रेसियों द्वारा पानी के सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच की जाएगी और आमजन की जिंदगियों को बचाने जद्दोजहद की जाएगी। पत्रकारों से चर्चा के दौरान कांग्रेसियों ने दो टूक कहा कि शहर में 90 प्रतिशत दूषित पानी घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। क्योंकि पानी की टंकी में भरे पानी की जांच तो जिम्मेदार कर लेते हैं और उसकी गुणवत्ता भी ठीक आती है लेकिन नालों के बीच से गुजरी पाइप लाइन का पानी चैक नहीं किया जाता जो कि जबलपुर में भी एक बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रहा है। कांग्रेसियों ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि पिछले 15 सालों से नगर निगम में शुद्ध पानी घर-घर तक पहुंचाने के नाम पर 250 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं लेकिन हालात, हकीकत बिल्कुल अलग है। विदित हो कि इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित, जहरीले पानी पीने से अभी तक कुल 17 लोगों की मौतें हो चुकीं हैं।



**विरोध** — धरने पर बैठे कांग्रेसियों ने कहा बिना चेतावनी बेरहमी से पीटना पुलिस को शोभा नहीं देता

## लाठीचार्ज के विरोध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव

**नवभारत, जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत कमानिया गेट में शुक्रवार रात्रि मचे बवाल के बाद हुए लाठीचार्ज को लेकर अब कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया। धरने पर कांग्रेसी बैठ गए। कांग्रेसियों ने लाठीचार्ज को निंदनीय घटना बताया। उन्होंने कहा कि जैन समाज एक शांतिप्रिय अहिंसक समाज है। सामाजिक लोगों पर पुलिस द्वारा लाठी-डंडों से बेरहमी से मारपीट करना शोभा नहीं देता है। लाठी चार्ज करने के पहले न तो माईक के माध्यम से पुलिस द्वारा कोई मुनादी की गई, न वाटर कैनन का इस्तेमाल, आंसू गैस का प्रयोग, सीधे लाठी चार्ज जो कि कहीं से भी उचित नहीं है। लाठीचार्ज में सैकड़ों की तादाद में युवक, बुजुर्ग घायल हुए थे, सबकी एमएलसी क्यों नहीं कराई गई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनू कुकरेले, ब्लॉक अध्यक्ष समीर गढ़वाल, सतीश तिवारी, संतोष पंडा, अयोध्या तिवारी, गुड्डू नबी, अनुपम जैन, हर्षित यादव, निखिल जैन, भानू यादव, जय ठाकुर, प्रमोद पटेल, सचिन बाजपेयी, आदि उपस्थित रहे।



### लाठीचार्ज निंदनीय कार्रवाई नहीं तो उग्र आंदोलन होगा : सोनू

शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोनू कुकरेले ने बताया कि कमानिया गेट स्थित बडकुल स्वीट्स में शनिवार रात हुई घटना के उपरांत जैन समाज के लोगों पर पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज किया गया जो निंदनीय है। पुलिस अधीक्षक से कांग्रेसियों ने मांग की है कि मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर दोषियों पर उचित कार्यवाही की जाये नहीं तो युवक कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी विरोध में उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होंगे।

### बमबाजी-पथराव में पार्षद के भाईयों समेत अन्य पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** घमापुर थाना चुंगी चौकी में कल देर रात हुई बमबाजी-पथराव मामले में पुलिस ने पार्षद के भाईयों समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि नीलम थदानी 27 वर्ष निवासी भगवान टेंट हाउस चुंगी चौकी घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई जय थदानी दुकान बंद कर रहा था उसी समय हर्ष ठाकुर, यश ठाकुर उसके भाई से विवाद करने लगे ईंट पत्थर मारने लगे, यश ठाकुर ने बम फेंका जो उसकी दुकान के सामने गिर कर फूट गया पिता महेश थदानी आये तो उनके साथ भी झूमाझपटी किये, पुलिस ने रिपोर्ट पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी भैया लाल ठाकुर, छोटू ठाकुर पार्षद जीतू ठाकुर के भाई बताये जा रहे हैं।


**नवभारत**

**आवश्यकता है**

**पद की योग्यता**

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

**एकाउंटेंट**
(बी.कॉम.व टेली एवं 2 वर्ष का अनुभव )

**डीटीपी ऑपरेटर**
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

**ऑफिस बाय**
(10 वीं पास एवं 5 वर्ष का अनुभव )

**संपर्क करें**

कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )

9752721239, 8305852507

hr.navabharat1934@gmail.com